**कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण देहरादून ।**

पत्रांक 920 /उधान/नि0सू0/2019–20 दिनांक 3–7–19

**अल्पकालीन ई – निविदा**

वृक्षारोपण कार्य के तहत Ornamental विभिन्न प्रजाति के पौधों की आपूर्ति के कार्य हेतु दिनांक 11–7–2019 तक ई टैण्डर बैबसाइट www. uktenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है । विस्तृत विवरण उपरोक्त बैवसाईट पर उपलब्ध है ।

उधान अधिकारी

# कार्यालयः मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून।

पत्रांक १२० /उधान/नि0सू0/2019–20 दिनांक 3 जुलाई 2019

## अल्पकालीन ई – निविदा सूचना

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा उधान एवं आरबोरीकल्चर के कार्य में दक्ष /अनुभवी फर्मो से टू बिड सिस्टम के अन्तर्गत(तकनीकी एवं वित्तीय) जो आयकर एवं जी0एस0टी0 के अन्तर्गत पंजीकृत हो से निम्नलिखित 01 कार्यो हेतु निविदा दिनांक 11–7–2019 को अपरान्ह 3.00 बजे तक ई–टैण्डर बैबसाइट www.uktenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यो की पहले तकनीकी बिड,जो उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी तथा तकनीकी बिड में सफल निविदादाओं की वित्तीय बिड बाद में खोली जायेगी, जिसकी सूचना तकनीकी रूप से सफल निविदादाता को भेजी जायेगी। आगणन में अंकित विशिष्टियों की मात्रा पूर्णत अनुमानित है इसमें परिवर्तन (घटत/बढत) सम्भावित है परन्तु भुगतान वास्तविक कार्य के माप /आंकलन के आधार पर किया जायेगा।

इच्छुक फर्म द्वारा नीचे वर्णित कंमाक 01 हेतू निविदा मूल्य 1180/– (जी0एस0टी0 सहित) की धनराशि का पे–आर्डर जो सचिव मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के पक्ष में हो निर्धारित राशि की धरोहर राशि जो एफ0 डी0 आर / सी0 डी0 आर0 /एन0एस0सी0 के रूप में होगी, उधान अधिकारी,मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के नाम बन्धक हो को निविदा खोलने से पूर्व प्राधिकरण के उधान अनुभाग में अनिवार्य रूप से जमा करानी होगी। जिनको बैबसाइट uktenders.gov.in में उक्त तिथि व समय तक निविदा प्रस्ताव के साथ स्कैन कर अपलोड करना होगा।अन्य शर्ते जी0पी0ठब्लू0–9 एवं उत्तराखण्ड शासन द्वारा परफोरमेंन्स सिक्यूरिटी एवं जमानत राशि हेतु जारी संशोधित शासनादेश संख्या 1197/11(2)/0.7–75 (सामान्य)/11 दिनांक 24–2–2014 एवं अन्य के अनुसार होंगी। कार्य का विवरण निम्नवत हैः–

| क0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत बिना जी0एस0 टी0 (लाख में ) | धरोहर राशि रू0 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वृक्षारोपण के तहत हरेला कार्यक्रम के अर्न्तगत विभिन्न आरनमिटल पौधों की आपूर्ति का कार्य | 822687.00 | 24680.00 | 01 माह | 90 दिन |

1–कमाक 01 के लिए निविदादाता पूर्व में उत्तराखण्ड राज्य के उधान अनुभाग में नर्सरी में पंजीकृत हो तथा इसमें कम से कम नर्सरी के कार्य एवं संचालन का 05 वर्ष का अनुभव हो एवं सरकारी संस्थानों भारत सरकार /राज्य सरकार /निगमों/प्राधिकरणों एवं प्राईवेट संस्थान में कार्य किया जो उधानीकरण से सम्बन्धित सामग्री पौधों आदि की आपूर्ति का कार्य किया हो । तकनीकी निविदा के साथ नर्सरी स्थल सहित फोटोग्राफस विवरण सहित अपलोड करना अनिवार्य होगा जिसका स्थल निरीक्षण कराया जा सकता है ।

उपरोक्त वर्णित कमांक संख्या 01 में वर्णित कार्यो हेतु निविदाकर्ता द्वारा ई–टैण्डर बैसाईड uktenders.gov.in के माध्यम से अंतिम दिनांक को 2.00 बजे तक तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत किये जायेंगें।

निविदादाता द्वारा तकनीकी एवं वित्तीय निविदा ओनलाईन प्रणाली के अनुसार प्रथक– प्रथक जमा की जायेगी ।

प्रथम चरण में तकनीकी निविदाओं का मूल्यांकन किये जाने के उपरान्त अर्हता पूर्ण करने वाले निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें खोली जायेगी।

निविदादाताओं द्वारा निविदा मूल्य तथा धरोहर राशि निविदा खोले जाने से पूर्व उधान अनुभाग में जमा करानी अनिवार्य है तथा निविदा मूल्य एवं धरोहर राशि की प्रति को तकनीकी निविदा के साथ भी अपलोड करनी होगी।

निविदादाता द्वारा निविदा मूल्य तथा धरोहर राशि जमा ना किये जाने पर संबंधित निविदादाता की निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

निविदा प्राप्त किये जाने की जो अंतिम दिनांक है तथा वर्णित कार्यो हेतु धरोहर राशि एवं कार्य अवधि तथा निविदा की वैधता उपरोक्तानुसार विवरण में अंकित की गई है।

प्राधिकरण द्वारा उपरोक्त वर्णित कार्यो हेतु समस्त भुगतान मूल्यांकन एवं सत्यापन उपरान्त ही किया जायेगा।

उपरोक्त समस्त निविदाओं को स्वीकृत / निरस्त करने का सर्वाधिकार उपाध्यक्ष में निहीत है।

उधान अधिकारी,
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण
देहरादून।

प्रतिलिपि :—

1— सचिव, म0दे0वि0प्रा0देहरादून।

2— मुख्य लेखाधिकारी,म0दे0वि0प्रा0,देहरादून।

3— नगर निगम/लोक निर्माण विभाग/जिला परिषद/सिंचाई विभाग के नोटिस बोर्डो हेतु।

4— नाजिर म0दे0वि0प्रा0 को इस आशय से प्रेषित व दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कराकर अखबार की प्रति इस अनुभाग को उपलब्ध करायेंगें।

5— सिस्टम एडमिनेस्ट्रेटर को इस आशय से कि उक्त विज्ञप्ति को प्राधिकरण की बेबसाईट पर अप लोड करने का कष्ट करें।

6— प्राधिकरण बोर्ड पर चस्पा हेतु।

7— संबंधित पत्रावली पर संलग्न करने हेतु।

उधान अधिकारी,
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण,
देहरादून।